कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री दुलीचंद शर्मा, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, प्लांट नं0 29, रामनगर माईलीबा जयसिंहपुरा खोर, जयपुर 302027।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 25/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक : 10.06.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मँगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2021/1233 दिनांक 31.05.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा के पत्रांक आरटीआई/2021/382 दिनांक 04.06.2021 द्वारा आवेदक को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अवगत करवाया कि आवेदक को पत्रांक 271 दिनांक 23.04.2021 द्वारा सूचना दे दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति के संबंध मे आवेदन पत्र मे चाही गई सूचना प्रश्नात्मक होते हुए भी अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा